सी पी ए के बारे में तथ्य-पत्र

ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले (विकास के अनेक पहलुओं में देरी)

ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले क्या है?

ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले या जी डी डी शब्दों का इस्तेमाल तब किया जाता है जब किसी बच्चे के विकास के अनेक पहलुओं में देरी दिखाई देती है और यह देरी कम से कम छह महीने तक लगातार देखी जाती है। यह देरी बोल सकने, शारीरिक गतिविधियों, सोचने, भावनात्मक विकास या अन्य क्षेत्रों में हो सकती है।

कारण

ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले के कई संभावित कारण हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं:

- अपेक्षित समय से पहले पैदा होना
- आनुवंशिकी से संबंधित समस्या
- गर्भ के दौरान या जन्म के तुरंत बाद समस्याएँ होना
- देखने, सुनने या बोल पाने में कठिनाई
- मस्तिष्क में चोट या संक्रमण
- बार-बार या लगातार बीमार होना और अस्पताल में रहना
- जीवन के आरंभिक महीनों में प्यार से देख-रेख और ध्यान का अभाव
- कुपोषण।

लक्षण

एक वर्ष का होते-होते, आम तौर पर शिशु अपने आप खड़े हो सकते हैं या कुछ कदम चल लेते हैं, "मामा" और "डाडा" जैसे शब्द बोल लेते हैं, आसान आदेश समझ लेते हैं, और अपने माता-पिता को देखने पर वे मुस्कराते हैं।

दो वर्ष का होते-होते बच्चे आम तौर पर अच्छे से चल सकते हैं, रेखाएँ और चिह्न बना सकते हैं और यदि उन्हें कुछ करने से मना किया जाए तो यह समझ सकते हैं।

तीन वर्ष का होते-होते बच्चे आम तौर पर सीढ़ियाँ चढ़ और उतर सकते हैं, छोटे वाक्य बोल सकते हैं और अन्य बच्चों में अपनी रुचि दर्शा सकते हैं।

पाँच वर्ष का होते-होते बच्चे आम तौर पर कूद सकते हैं, चाक आदि पकड़ सकते हैं, साधारण प्रश्न पूछ सकते हैं और अपने कपड़े स्वयं उतार सकते हैं।

यदि आपका बच्चा उपरोक्त मापदंड पूरे नहीं कर पा रहा है या उसका विकास आपकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रहा है तो अपने जी पी या किसी अर्लि चाइल्डहुड नर्स से मिलें। वे आपको यह समझने में सहायता कर सकते हैं कि ऐसा क्यों है और इसके बारे में आप क्या कर सकते हैं। ऐसा जितनी जल्दी होगा, उसके पूरे विकास की संभावना उतनी ही अधिक होगी।



सी पी ए में हम न्यूरोलोजिकल (तंत्रिकाओं से संबंधित) और शारीरिक विकलांगताओं से पीड़ित शिशुओं, बच्चों, किशोरों और वयस्कों को अपना जीवन, जहाँ तक संभव है, आराम से और आत्मनिर्भरता से जी सकने में सहायता करते हैं। हमारी थेरेपी टीमें (चिकित्सा टोलियाँ) पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों के साथ कई तरीकों से कार्य करती हैं। हम आपकी सहायता कैसे कर सकते हैं और आपके बच्चे के बेहतर विकास में कैसे सहायता कर सकते हैं, यह जानने के लिए हमसे संपर्क करें।

निदान (रोग की पुष्टि)

यदि किसी बच्चे के विकास में देरी हो रही है तो यह पता लगाने में कि ऐसा क्यों हो रहा है, बहुत समय लग सकता है। जी पी बच्चे के परिवार को एक बाल-रोग विशेषज्ञ जैसे किसी विशेषज्ञ से मिलने के लिए भेजेगा। स्वास्थ्य व्यवसायी बच्चे और उसके परिवार के चिकित्सीय इतिहास की जानकारी लेंगे और बच्चे की जाँच करेंगे। वे कुछ टेस्ट भी करवाने को कह सकते है जिनमें ये सब शामिल हो सकते हैं:

- सुनने, आवाज़, बोलने और देखने संबंधी टेस्ट
- रक्त के टेस्ट
- आनुवंशिकी संबंधी टेस्ट
- शारीरिक अपसामान्यताओं की जाँच करने के लिए स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे
- एक मनोवैज्ञानिक निर्धारण।

बच्चे को यह समस्या है या नहीं, कई बार इसका स्पष्ट पता लग जाता है। कई बार ऐसा नहीं होता।

ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले के साथ जीवन जीना

चिकित्सकों के साथ यह बातचीत करना कि क्या-क्या थेरेपियाँ, सेवाएँ और उपचार उपलब्ध हैं, बहुत सहायक हो सकता है। इससे आपको अपने बच्चे की परिस्थिति और यह समझने में सहायता मिल सकती है कि उपचार के क्या परिणाम हो सकते हैं।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि ग्लोबल डिवेलपमेंट डिले के कुछ प्रभाव स्थायी होते हैं जबकि कुछ अन्य प्रभाव बचपन में अपने आप ही ठीक या कम हो सकते हैं। मनोविज्ञानी, परामर्शदाता और सामाजिक कार्यकर्ता माता-पिता को यह समझने में भावनात्मक सहायता प्रदान कर सकते हैं कि ग्लोबल डिवेल्पमेंट डिले का उनके बच्चे के लिए क्या मतलब है और इससे उनके जीवन पर कैसे प्रभाव पड़ेंगे।

चिकित्सा और उपचार

बच्चे की देख-भाल एक बहुआयामी टोली द्वारा किया जाना उत्कृष्ट होता है, टोली में शामिल हो सकते हैं:

- एक जी पी (सामान्य चिकित्सक) और कुछ विशेषज्ञ
- एक ओक्युपेशनल थेरेपिस्ट (व्यावसायिक चिकित्सक)
- एक फ़िज़िओथेरेपिस्ट (भौतिक चिकित्सक)
- एक स्पीच पथोलोजिस्ट (वाणी विशेषज्ञ)।

यह बहुआयामी टोली बच्चे की क्षमताओं और कमज़ोरियों के बारे में बातचीत करेगी और एक ऐसी योजना बनाने में सहायता करेगी जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

- आप सबसे पहले किसके साथ संपर्क करेंगे
- बच्चे की प्रगति की नियमित जाँच
- कुछ अर्ली इंटरवेंशन (शुरूआत में ही हस्तक्षेप की) सेवाएँ।

जब भी आप किसी एपाइंटमेंट के लिए जाते हैं तो आपकी सहायता के लिए दुभाषिए उपलब्ध हैं। सरकार की ओर से दुभाषिए की सहायता निःशुल्क उपलब्ध है और आपके एन डी आई एस प्लान में शामिल की जा सकती है।

हमसे संपर्क करें:

हमें 1300 888 378 पर फ़ोन करें

ask@cerebralpalsy.org.au पर हमें ई-मेल करें

cerebralpalsy.org.au पर जाएँ

Cerebral Palsy ALLIANCE